Title Need to constitute a Committee of MP(s) to check irregularities in the Banaras Hindu University (BHU), Varanasi.

श्री शंकर प्रसाद जायसवाल (वाराणसी) : उपाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से एक गंभीर विषय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में चल रही अनिमिताओं की ओर सरकार का व सदन का ध्यान दिलाना चाहूंगा। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में इस समय कानून का कोई राज नहीं रह गया है। मैं दूसरा बिन्दु आपके सामने रखना चाहता हूं कि वहां इस वर्ष अभी तक एक भी शोध छात्र का एडमिशन नहीं हुआ है जबकि देश के प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने ठनय विज्ञान'' का नारा दिया है। दूसरी ओर हमारे कुलपति के द्वारा विश्वविद्यालय के अंदर शोध का कार्य बंद कर दिया गया है।

जहां ये सारी अनियमितताएं हैं, वहां विश्वविद्यालय के धन को केवल मात्र मुकदमेबाजी में खर्च किया जा रहा है। जब विश्वविद्यालय किसी विषय पर हाई कोर्ट से हार जाता है तो उसे सुप्रीम कोर्ट तक भेजना और सुप्रीम कोर्ट से हार जाने के पश्चात भी उस आदेश का पालन न करना विश्वविद्यालय के लिए आम बात हो गई है। ... (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप बताइए कि क्या करना है। बनारस हिन्दू यूनीवर्सिटी में इररैगुलैरिटीज हैं। भारत सरकार द्वारा उसे कैसे निपटाया जाए, आप यह पूछिए।

श्री शंकर प्रसाद जायसवाल : भवन के रखरखाव के लिए आठ करोड़ रुपया दिया गया है, उसमें भी घोटाला है। मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि संसद के तीन या पांच सदस्यों की संसदीय समिति का गठन कर विश्वविद्यालय के अंदर हो रही अनियमितताओं की जांच कराने और जांच के बाद कार्यवाही करने की कृपा करें। धन्यवाद।